MP-710/23 15.9.2023 (72)

BPSM से नियोजन मुक्त हुए कार्यपालक सहायकों के बेल्ट्रॉन दक्षता परीक्षा उत्तीर्णता के पश्चात के०वाई०सी० (KYC) एवं उनकी संविदागत प्रतिनियुक्ति किये जाने की प्रक्रिया की विवरणी

(1) BPSM से नियोजन मुक्त हुए वैसे कार्यपालक सहायक जिन्होंने बेल्ट्रॉन की दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, उन्हें बेल्ट्रॉन ई०आर०पी० के माध्यम से अपने के०वाई०सी० (KYC) की प्रक्रिया को पूर्ण करना आवश्यक है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों के डेटा (यथा-Personal Details, Educational Details, Reservation Category Details, Residential Details, Three District Preference इत्यादि) को ई०आर०पी० के डेटा बेस में संकलित किया जाता है। इस प्रक्रिया के लिए आधार लिंक मोबाईल नम्बर के माध्यम से ओ०टी०पी० द्वारा Verification होता है, तदोपरान्त अभ्यर्थी को उससे संबंधित सही जानकारी ई०आर०पी० प्रणाली के माध्यम से देनी होती है। दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण सभी कार्यपालक सहायक इस प्रक्रिया को बेल्ट्रॉन के वेबसाईट पर दिए गए के०वाई०सी० लिंक के माध्यम से पूर्ण करना सुनिश्चित करेगें।

(2) के०वाई०सी० की प्रक्रिया **20/09/2023 से 05/10/2023** के भीतर बेल्ट्रॉन के वेबसाईट पर दिए गए लिंक के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा पूरी की जायेगी। जो अभ्यर्थी समयसीमा के भीतर के०वाई०सी० की प्रक्रिया पूर्ण नहीं करेगें, वो स्वतः बेल्ट्रॉन के बनने वाले पैनल से निरस्त हो जायेगें।

(3) दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण कार्यपालक सहायकों को पैनल में शामिल करने के लिए उनके शैक्षणिक योग्यता **(10+2)** से संबंधित **मूल प्रमाण-पत्र** से मिलान/ सत्यापन कर **स्वअभिप्रमाणित** प्रति प्राप्त किये जाने की प्रक्रिया दिनांक **25/09/2023 से 12/10/2023** के बीच **ललित भवन, बेली रोड, पटना के चतुर्थ एवं पाँचवाँ तल्ला** पर आयोजित की जायेगी, जिसकी विस्तृत विवरणी निगम के वेबसाईट पर कार्यालय आदेश के रूप में प्रेषित है। जो अभ्यर्थी समयसीमा के भीतर शैक्षणिक योग्यता के भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं करेगें, वो स्वतः बेल्ट्रॉन के बनने वाले पैनल से निरस्त हो जायेगें।

''स्पष्टतया प्रत्येक अभ्यर्थी को KYC एवं शैक्षणिक (10+2) के मूल प्रमाण-पत्र का मिलान एवं सत्यापन कराना अनिवार्य है, इसके उपरांत हीं उन्हें पैनल में शामिल किया जायेगा''।

(4) के०वाई०सी० की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अभ्यर्थियों के हिन्दी टाईपिंग के प्राप्तांक के आधार पर उनका Merit List निगम द्वारा बनाया जायेगा, जिसे निगम के वेबसाईट पर प्रेषित किया जायेगा। Merit List बनने के उपरान्त उसके अंतर्गत आये सभी अभ्यर्थी बेल्ट्रॉन के वर्तमान पैनल (वर्ष-2019) में बचे अभ्यर्थियों की सूची के नीचे के क्रम में शामिल हो जायेगें। तदोपरान्त विभिन्न विभागों/कार्यालयों से प्राप्त अधियाचनाओं के आलोक में 100 बिन्दु आरक्षण रोस्टर एवं अभ्यर्थी के जिला वरीयता क्रम के आधार पर "सेवा प्रदाता" के माध्यम से उनकी प्रतिनियुक्ति की जायेगी।

14/9/2023

आदेशानुसार

बी०एस०ई०डी०सी०लि०(बेल्ट्रॉन), पटना-23